युवा कार्यक्रम
एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS
AND SPORTS
सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान

## ग्वालियर

कार्य का नाम

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के सुभाष एवं शिवाजी हाउस में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट प्रदान करना एवं लगाना

## निविदा दस्तावेज

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

## एलएनआईपीई ग्वालियर में स्थित सुभाष हाउस और शिवाजी हाउस में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने और लगाने हेतु टेंडर दस्तावेज़–सह–फॉर्म

### (ए) पात्रता मानदंड

**निविदाकार को पात्र घोषित होने के लिए तकनीकी बोली के साथ निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियों को विधिवत हस्ताक्षरित/सत्यापित अनुलग्नक जमा करना आवश्यक है:-**

1. "रजिस्ट्रार, एल.एन.आई.पी. ई., ग्वालियर" के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट रुपये 2,31,900.00 (रुपये दो लाख इकतीस हजार नौ सौ मात्र) की ईएमडी प्रस्तुत की जाए।
2. बोली दाता का पंजीकरण प्रमाण पत्र (Certificate of Incorporation)।
3. CGST/SGST पंजीकरण (प्रमाण पत्र के साथ GST रिटर्न संलग्न किया जाए)।
4. आयकर स्थायी खाता संख्या (PAN) कार्ड की प्रति संलग्न की जाए)।
5. पिछले तीन (3) वर्षों (31 मार्च 2025 तक) का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत का कम से कम 30% होना चाहिए। (इस हेतु पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी "टर्न ओवर प्रमाण पत्र" (Annexure-B के प्रारूप में) तथा संबंधित तीन वर्षों की बैलेंस शीट एवं आयकर रिटर्न की प्रतियाँ संलग्न की जाएँ)।
6. निम्नलिखित में से कोई एक समान कार्य पिछले 7 वर्षों के दौरान अप्रैल 2019 से मार्च 2026 तक सरकारी विभागों / निजी संगठनों / शैक्षणिक संस्थानों में सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव हो:—
   - (a) पूरे किए गए तीन समान कार्य, प्रत्येक की कीमत अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
   - (b) पूरे किए गए दो समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
   - (c) पूरे किए गए एक समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।

[संबंधित पूर्णता प्रमाण-पत्र के साथ केवल a/b/c कार्य आदेशों की प्रतियाँ संलग्न करें]

**समान कार्य** – इस निविदा (NIT) में समान कार्य से आशय ऐसे किसी भी सिविल कार्य से है, जिसमें भवन निर्माण कार्य या वाटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट शामिल हो।

7. निविदाकार के पास एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी अनुमानित लागत का कम से कम 50% का सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र सहित बैंक खाता होना चाहिए। (जिसमें एक महीने के बैंक खाते का विवरण संलग्न किया जाए)।
8. निम्नलिखित प्रभाव की घोषणा को रुपये 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प के शपथ पत्र पर मूलतः प्रस्तुत करना आवश्यक है:-

(a) निविदाकार कंपनी के प्रोपराईटर / फर्म / साझेदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।
(b) निविदाकार ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान EPF, ESIC, GST, आयकर आदि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।
(c) निविदाकार को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी विभाग, सार्वजनिक उपक्रम (PSU), संगठन, शैक्षणिक संस्थान अथवा स्वायत्त संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।
(d) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अवधि समाप्त होने से पहले निविदाकार का कोई अनुबंध समाप्त नहीं किया गया है।

**(बी) वित्तीय बोली**

1. वित्तीय बोली 'अनुलग्नक-'सी' दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत की जानी आवश्यक है।

2. केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोली दाताओं की वित्तीय बोली निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी, जिसकी सूचना ऐसे बोली दाताओं को पृथक रूप से दी जाएगी।
3. उद्धृत दरें सभी करों सहित होनी चाहिए। अनुबंध अवधि के दौरान कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

**(सी) निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया**

1. निविदाएँ एक मुख्य सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिस पर "एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के सुभाष एवं शिवाजी हाउस में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट प्रदान करना एवं लगाना" स्पष्ट रूप से अंकित हो, तथा इसे दिनांक **14.05.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** सहायक कुलसचिव (संपदा) के कार्यालय में रखे गए निविदा बॉक्स में जमा किया जाना चाहिए।

उक्त निविदा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से भी भेजी जा सकती है, बशर्ते कि लिफाफे पर उपरोक्त विषय स्पष्ट रूप से अंकित हो। ऐसे मामलों में यह पूर्णतः बोली दाता की जिम्मेदारी होगी कि निविदा दिनांक **14.05.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** संस्थान में प्राप्त हो जाए।

2. मुख्य निविदा लिफाफे में निम्नानुसार दो पृथक सील बंद लिफाफे शामिल होने चाहिए:—

**लिफाफा संख्या 1:** 'अनुलग्नक-'ए' एवं अनुलग्नक -'बी' के अनुसार विधिवत भरी हुई तकनीकी बोली तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित।

**लिफाफा संख्या 2:** 'अनुलग्नक -'सी' के अनुसार विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली, जिसमें दर/ राशि अंकों एवं शब्दों दोनों में निर्धारित स्थान पर अंकित की जाए तथा लिफाफे पर स्पष्ट रूप से 'वित्तीय बोली' लिखा हो।

3. निविदा के सभी पृष्ठों को बोली लगाने वाले निविदाकार द्वारा विविधत पृष्ठांकित और स्व-प्रमाणित किया जाएगा।

4. सशर्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. तकनीकी बोली खोलने से पूर्व किसी भी समय, संस्थान आवश्यकतानुसार अपनी वेबसाइट के माध्यम से संशोधन / परिशिष्ट निविदा दस्तावेज में संशोधन कर सकता है। इसके लिए भावी निविदाकार को पृथक से कोई सूचना प्रेषित नहीं की जाएगी।

6. निविदाकार निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी नियमों और शर्तों का पालन करेंगे तथा (तकनीकी एवं वित्तीय) में सभी वांछित जानकारी स्पष्ट रूप से भरेंगे, अन्यथा संस्थान उसको अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

7. अपूर्ण रूप से भरी गई निविदाएँ अस्वीकार कर दी जाएँगी।

8. निविदा को निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि कोई हो) की उपस्थिति में खोला जाएगा।

9. केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोली दाताओं की वित्तीय बोली ही खोली जाएगी। इस संबंध में कोई पृथक सूचना जारी नहीं की जाएगी।

10. यदि निविदा खोलने की निर्धारित तिथि/दिन पर सार्वजनिक अवकाश होता है, तो उसी समय अगले कार्य दिवस खोला जाएगा।

11. निविदाकार से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रस्तावित कार्य का निरीक्षण करने के लिए संस्थान में साईट का दौरा करें और साइट की स्थितियों और कार्य के दायरे से अवगत रहें, जिसे निविदा प्रपत्र में घोषित किया जाना है।

12. जिन बोली दाताओं की निविदाएँ तकनीकी या वित्तीय आधार पर अस्वीकृत कर दी जाती हैं, उनके साथ किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

यतेन्द्र सिंह

## (डी) अनुबंध की सामान्य शर्तें

1. प्रस्तावित मरम्मत कार्य का अनुमानित माप केवल एक मार्गदर्शक के रूप में दिया गया है अनुसूची में उल्लिखित मात्रा और आइटम भिन्न हो सकते हैं जिसे निविदाकार द्वारा प्रसतावित दरों पर स्वीकार करना होगा। एजेंसी का भुगतान साईट पर निष्पादित वास्तविक माप के अनुसार किया जाएगा।
2. यह कार्य एजेंसी को टर्न-की आधार पर अवार्ड किया जाएगा। कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जाएगा तथा ठेकेदार को निर्धारित प्रारूप में टैक्स इनवॉइस प्रस्तुत करना होगा। आंशिक/रनिंग बिल या अग्रिम भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं है।
3. कार्य आवंटन की सूचना मिलने के पश्चात सफल बोली दाता को 7 दिनों के भीतर रुपये 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर अनुबंध प्रस्तुत करना होगा तथा 15 दिनों के भीतर वर्तमान निविदा की शर्तों के अनुसार संस्थान के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा।
4. सफल बोली दाता (L-1) को अनुबंध मूल्य के 10% के बराबर पर फॉर्मेंस सिक्योरिटी डिमांड ड्राफ्ट अथवा फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में "रजिस्ट्रार, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर" के नाम से जमा करनी होगी, जो कम से कम 12 माह की अवधि के लिए वैध होगी।
5. असफल बोली दाताओं की ईएमडी निविदा अंतिम रूप से तय होने के बाद वापस कर दी जाएगी। इस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
6. परफॉर्मेंस सिक्योरिटी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं संस्थान की संतुष्टि के 12 माह बाद वापस की जाएगी। इस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। कार्य के लिए दोष दायित्व अवधि / वारंटी अवधि 12 माह की होगी।
7. कार्य प्रारंभ की तिथि से 120 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए तथा कार्य प्रारंभ, आशय पत्र (LoI) जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा संस्थान कार्य आवंटन रद्द कर सकता है तथा ईएमडी और / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त कर सकता है।
8. निविदाकार निविदा प्रपत्र की वित्तीय बोली के प्रारूप में निविदा दस्तावेज में विभिन्न नियमों और शर्तों के अनुसार अपनी दरों को उद्धृत करेंगे, जिसमें सभी करों, उपयुक्त सामग्री, श्रम, मशीनरी, उपकरण एवं कार्य के पूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक सभी साधन शामिल हों। संस्थान द्वारा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा, जब तक कि अतिरिक्त/ लीड/ आकस्मिक कार्य का दायरा संस्थान के कुलपति द्वारा स्वीकृत न हो।
9. आवश्यक सभी श्रमिक केवल ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए जाएँगे तथा स्थल पर किसी भी नाबालिग को कार्य में संलग्न नहीं किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए अकुशल श्रमिक एवं अन्य कार्मिक ठेकेदार के कर्मचारी माने जाएँगे, तथा उन्हें सभी वैधानिक एवं अन्य लाभ प्रदान करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। एल.एन.आई.पी.ई. इस संबंध में किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगा तथा संस्थान किसी भी कार्य हेतु कोई श्रमिक (अकुशल/UWA) उपलब्ध नहीं कराएगा।
10. संस्थान का सक्षम प्राधिकारी निविदा के संपूर्ण या किसी भी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा ठेकेदार उक्त कार्य को उद्धृत दरों पर करने के लिए बाध्य होगा।
11. यह निविदा तकनीकी रूप से योग्य बोली दाताओं की वित्तीय बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक स्वीकृति हेतु वैध रहेगी।

12. कार्य में विलंब होने पर रुपये 1000/- प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जाएगा, जिसे ठेकेदार के बिल से काटा जाएगा तथा कुल जुर्माना कार्य की कुल लागत के 10% से अधिक नहीं होगा। यदि कोई बाधा उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना रजिस्ट्रार कार्यालय को दी जा सकती है तथा आवश्यकतानुसार समयावधि में विस्तार प्रदान किया जा सकता है।
13. कार्य CPWD विनिर्देशों के अनुसार तथा भवन प्रभारी की पूर्ण संतुष्टि तक किया जाएगा।
14. कार्यस्थल या संस्थान परिसर में किसी भी प्रकार का कचरा / मलबा (विघटित सामग्री को छोड़कर) नहीं छोड़ा जाएगा तथा इसे परिसर के बाहर हटाने एवं निस्तारण की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी, जो अपने खर्च पर करेगा।
15. कार्य निष्पादन के दौरान संस्थान की संपत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति के लिए ठेकेदार पूर्णतः उत्तरदायी होगा। यदि स्थल या आसपास कोई क्षति होती है, तो उसे बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के उद्धृत दरों में ही ठीक करना होगा।
16. समय-समय पर लागू प्रावधानों के अनुसार बिल से आवश्यक वैधानिक कटौतियाँ की जाएँगी।
17. प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेड एजेंसी / फर्म / व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
18. उप-ठेकेदारी (Sub-contracting) की अनुमति नहीं होगी।
19. यदि ठेकेदार कार्य आदेश के अनुसार संस्थान की संतुष्टितक कार्य पूरा करने में विफल रहता है या अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है, तो संस्थान को ईएमडी एवं / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी / गारंटी जब्त कर ने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त, संस्थान ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार भी रखता है।
20. अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी कानून/नियम आदि के लागू होने के कारण ठेकेदार किसी प्रकार के मुआवजे का पात्र नहीं होगा।
21. इस अनुबंध से संबंधित सभी सामग्रीया अन्य तत्वों पर लागू करों का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस संबंध में संस्थान किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं करेगा। ठेकेदार की दरों में सभी कर शामिल होने चाहिए।
22. संस्थान इस अनुबंध के अंतर्गत ठेकेदार को किए जाने वाले सभी भुगतानों से आयकर एवं अन्य लागू करों की कटौती स्रोत पर (TDS) करेगा, जैसा कि समय-समय पर लागू आयकर अधिनियम या अन्य कानूनों के प्रावधानों के अनुसार होगा।
23. ठेकेदार अपने कर्मचारियों के उपकरण, मशीनरी या सिस्टम को हुई किसी भी क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इस की भरपाई अपने जोखिम एवं खर्च पर करेगा।
24. ठेकेदार श्रम सुरक्षा संबंधी सभी प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।
25. डिजाइन, कार्य पर्यवेक्षण एवं कार्य निष्पादन केवल अभियंता प्रभारी (Engineer-in-Charge) के निर्देश एवं संतुष्टि के अनुसार किया जाएगा।
26. खराब कार्य की स्थिति में – यदि यह पाया जाता है कि कोई कार्य दोषपूर्ण, अपूर्णया अकुशल कारीगरी से अथवा निम्न गुणवत्ता की सामग्री से किया गया है, तो अभियंता प्रभारी को अधिकार होगा कि वह उस कार्य को सुधारें / पुनः निष्पादित कराएं या संबंधित सामग्री / आइटम को हटाकर बदलवाएं, जिसका संपूर्ण व्यय एवं जोखिम ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
27. यदि ठेकेदार कार्य को निष्पादित करने में विफल रहता है या बीच में कार्य छोड़ देता है या संस्थान को पूर्ण संतुष्टि तक कार्य पूरा नहीं करता या अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन

करता है, तो संस्थान को बोली सुरक्षा एवं / या परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त करने का अधिकार होगा। संस्थान ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार भी रखता है।

28. कार्य आवंटन का मानदंड सामान्यतः सभी मदों के लिए उद्धृत कुल न्यूनतम दरों (Lowest Aggregated Rates) के आधार पर होगा।
29. एजेंसी के अंतिम चयन से पूर्व संस्थान उद्धृत दरों का औचित्य (Justification) मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
30. ठेकेदार को समय-समय पर संशोधित सभी विद्युत नियमों का पालन करना होगा तथा ठेकेदार या उसके श्रमिकों की किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण होने वाली किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए ठेकेदार पूर्णतः उत्तरदायी होगा।
31. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार का प्रभाव डालने (Canvassing) का प्रयास पूर्णतः निषिद्ध है तथा ऐसा करने वाले बोली दाताओं की निविदाएँ निरस्त कर दी जाएँगी।
32. किसी भी अतिरिक्त, लीड या आकस्मिक कार्य के लिए पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
33. संस्थान एवं ठेकेदार के बीच अनुबंध से उत्पन्न किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार ग्वालियर न्यायालय होगा।
34. यदि हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि/विसंगति पाई जाती है, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम एवं मान्य माना जाएगा।

अनुलग्नक-'ए'

## लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

### एलएनआईपीई ग्वालियर में स्थित सुभाष हाउस और शिवाजी हाउस में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने और लगाने हेतु तकनीकि बोली

| SL. NO. | DESCRIPTION | WHETHER DOCUMENT IS SUBMITTED OR NOT | FURNISH INFORMATION HERE | COPY ENCLOSED AT PAGE NO. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकार का पूरा नाम | हाँ/नहीं | | |
| 2 | “रजिस्ट्रार, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर” के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रुपये 2,31,900/- की ईएमडी, । | हाँ/नहीं | | |
| 3 | निविदाकर्ता का पूर्ण पता, फोन नंबर, ईमेल, वेबसाइट | हाँ/नहीं | | |
| 4 | निविदाकार की स्थिति, यानि, सार्वजनिक, निजी (लिमिटेड) / साझेदारी फर्म या स्वामित्व फर्म (निगमन का प्रमाण पत्र संलग्न करें) । | हाँ/नहीं | | |
| 5 | सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी CGST / SGST पंजीकरण (पिछली एक तिमाही के GST रिटर्न सहित संलग्न करें) । | हाँ/नहीं | | |
| 6 | आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (PAN) (PAN कार्ड की प्रति संलग्न करें) | हाँ/नहीं | | |
| 7 | पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों (मार्च 2024 तक) का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत का कम से कम 30% होना चाहिए (पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी टर्न ओवर प्रमाण पत्र, संबंधित तीन वर्षों की बैलेंसशीट तथा आयकर रिटर्न की प्रतियाँ संलग्न करें) । | हाँ/नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | बैंक सॉल्वेंसी प्रमाण पत्र। | हाँ/नहीं | | |
| 9 | जनवरी 2019 से जनवरी 2026 तक पिछले 7 वर्षों में सरकारी विभागों / निजी संगठनों / शैक्षणिक संस्थानों में निम्न में से किसी एक के अनुसार समान कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभवः—। हाँ/नहीं।<br><br>(a) तीन समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का कम से कम 40% हो।<br><br>(b) दो समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत का कम से कम 50% हो।<br><br>(c) एक समान कार्य, जिसकी लागत अनुमानित लागत का कम से कम 80% हो।<br><br>[उपरोक्त के अनुसार केवल 3/2/1 कार्य आदेशों की प्रतियाँ तथा संबंधित पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करें]<br><br>**समान कार्य** – इस निविदा (NIT) में समान कार्य से आशय ऐसे किसी भी सिविल कार्य से है, जिसमें भवन निर्माण कार्य या वाटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट शामिल हो। | हाँ/नहीं | | |
| 10 | बोली दाता के बैंक खाते का विवरण (बैंक खाते का विवरण नवीनतम खाता विवरण / स्टेटमेंट सहित संलग्न किया जाए)। | हाँ/नहीं | खाता संख्या, खाते का प्रकार आईएफएससी कोड, बैंक शाखा आदि। | |
| 11 | रुपये 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर विधिवत सत्यापित (नोटरीकृत) शपथ पत्र के रूप में निम्नलिखित घोषणा प्रस्तुत की जानी आवश्यक है कि: | हाँ/नहीं | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (a) बोली दाता कंपनी के स्वामी / फर्म / साझेदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।<br><br>(b) बोली दाता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान EPF, ESIC, GST, आयकर आदि वैधानिक देयों के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।<br><br>(c) बोली दाता को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी विभाग, सार्वजनिक उपक्रम (PSU), संगठन, निजी संस्थान, शैक्षणिक संस्थान अथवा स्वायत्त संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।<br><br>(d) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बोली दाता का कोई भी अनुबंध उसकी निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व समाप्त नहीं किया गया है। | | | |
| 12 | अनुबंध एवं वर्तमान निविदा से संबंधित कोई अन्य जानकारी, जिसे बोली दाता प्रस्तुत करना चाहता हो | हाँ/नहीं | | |

## घोषणा

1. हमने निविदा दस्तावेज का सावधानी पूर्वक परीक्षण किया है तथा उसमें उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तों के अनुरूप उपर्युक्त कार्य हेतु अपनी बोली प्रस्तुत करते हैं।

2. हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज में उल्लिखित प्रत्येक नियम एवं शर्त तथा कार्य के दायरे का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया है तथा स्थल का भौतिक निरीक्षण कर उसे भली-भांति समझ लिया है। हम इसे बिना किसी शर्त या विचलन के स्वीकार करते हैं।

3. हम सहमत हैं कि हमारी बोली, बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक वैध रहेगी तथा इस अवधि के दौरान यह हमारे लिए बाध्यकारी होगी और इस अवधि के समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है।

4. हम यह समझते हैं कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है और हमें कार्य आवंटित किया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे तथा निविदा दस्तावेज की सभी/किसी भी शर्तों का पालन करने के लिए सहमत होंगे।

5. हम अपनी अपरिवर्तनीय सहमति प्रदान करते हैं कि अनुबंध अवधि के दौरान यदि निविदा दस्तावेज/अनुबंध अपूर्ण छोड़ा जाता है या किसी भी प्रकार से अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होता है, तो परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा की जब्ती स्वीकार होगी।

6. जब तक औपचारिक अनुबंध निष्पादित नहीं हो जाता, तब तक निविदा दस्तावेज अथवा अनुबंध, हमारे लिखित स्वीकृति के साथ या बिना, दोनों पक्षों पर बाध्य कारी प्रभाव रखेगा।

7. हम यह सहमति देते हैं कि निविदा समिति अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा हमें प्रत्येक प्रकार से स्वीकार्य होगा।

**दिनांकः**

**स्थानः**

**बोली दाता के हस्ताक्षर.....................**

**नाम, पता, फोन नंबर एवं मुहर**

..........................................
..........................................
..........................................
..........................................

**अनुलग्नक-'बी'**

**CERIFICATE(s) OF TURNOVER**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री ........................................................... ने पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों के दौरान निम्नलिखित टर्नओवर एवं लाभ/हानि दर्ज की है।

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक टर्न ओवर (रुपयों में) | शुद्ध लाभ / हानि (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 2022 - 23 | | |
| 2023 - 24 | | |
| 2024- 25 | | |

उपरोक्त दी गई जानकारी / आंकड़े हमारे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं प्रामाणिक हैं तथा संबंधित फर्म की बैलेंसशीट एवं/अथवा आयकर रिटर्न से प्राप्त किए गए हैं।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**चार्टर्ड अकाउंटेंट के हस्ताक्षर......................**

**नाम, पंजीकरण संख्या एवं मुहर**
.............................................
.............................................
.............................................

अनुलग्नक-'सी'

## लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

### एलएनआईपीई ग्वालियर में स्थित सुभाष हाउस और शिवाजी हाउस में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने और लगाने हेतु वित्तीय बोली

| Sl. N O. | DSR No. | DESCRIPTION OF ITEMS | UNIT | QTY. | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15.56 | पुराने स्कर्टिंग प्लास्टर को हटाना, जोड़ों को खुरचना तथा सतह को प्लास्टर हेतु साफ करना, जिसमें 50 मीटर की दूरी तक मलबे का निस्तारण शामिल है। | SQM. | 46.55 | | |
| 2. | 15.60 | निर्माण मलबा / मलबा / अनुपयोगी या ध्वस्त सामग्री का यांत्रिक साधनों द्वारा निस्तारण, जिसमें लोडिंग, परिवहन एवं स्वीकृत नगर निगम डंपिंग ग्राउंड तक उतारनाशा मिल है, 50 मीटर प्रारंभिक दूरी से अधिक सभी दूरी एवं सभी लिफ्ट सहित, अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार। | CUM. | 4.66 | | |
| 3. | 15.2 | सीमेंट कंक्रीट का मैन्युअल अथवा यांत्रिक साधनों से ध्वस्तीकरण, जिसमें 50 मीटर दूरी तक मलबे का निस्तारण शामिल है, अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार। | | | | |
| | 15.2.2 | नाम मात्र कंक्रीट 1:4:8 या उससे हल्का मिश्रण (समतुल्य डिज़ाइन मिक्स सहित)। | CUM. | 46.55 | | |
| 4. | 22.14 | वाटर प्रूफिंग उपचार हेतु छत की ग्रेडिंग। | | | | |
| | 22.14.1 | सीमेंट कंक्रीट 1:2:4 (1 भाग सीमेंट : 2 भाग मोटा बालू : 4 भाग ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट 20 मिमी नाम मात्र आकार)। | CUM. | 46.55 | | |
| 5. | 14.1 | 12 मिमी से 20 मिमी मोटाई के प्लास्टर की मरम्मत, 2.5 वर्ग मीटर तक के छोटे पैच में, जिसमें उचित आकार में कटिंग, जोड़ों की सफाई, सतह की तैयारी एवं प्लास्टर करना तथा मलबे का निस्तारण शामिल है, अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार पूर्ण। | | | | |
| | 14.1.2 | सीमेंट मोटाई 1:4 (1 सीमेंट : 4 मोटा बालू) के साथ। | SQM. | 73.3 | | |
| 6. | 13.6 | 20 मिमी मोटाई का फिनिशिंग सीमेंट प्लास्टर (मिश्रण): | | | | |
| | 13.6.1 | 1:4 (1 सीमेंट : 4 मोटा बालू)। | SQM. | 73.3 | | |
| 7. | 15.23 | दीवारों एवं पार्टिशन की लाइनिंग में लकड़ी की बोर्डिंग को हटाना, सहायक संरचना को छोड़कर, जिसमें 50 मीटर दूरी तक सामग्री का ढेर लगाना शामिल है। | | | | |
| | 15.23.1 | टाइल्स की मोटाई 10 मिमी से 25 मिमी के लिए। | SQM. | 931 | | |
| 8. | 12.48 | छत पर लगी मौजूदा मैंगलोर टाइल्स को हटाना तथा 20 | SQM. | 931 | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मिमी मोटाई की स्वीकृत आकार एवं पैटर्न की प्रेस्डक्ले (मैंगलोर) टाइल्स को स्टील फ्रेमवर्क पर लगाना एवं फिक्स करना। | | | | |
| 9. | 12.49 | छत पर 20 मिमी मोटाई की प्रेस्डक्लेरिज (मैंगलोर) टाइल्स को स्वीकृत पैटर्न अनुसार स्टील फ्रेम वर्क पर प्रदान करना एवं लगाना। | MTR. | 90 | | |
| 10. | 22.10 | छत पर बिटुमिन फेल्ट के साथ छह परतों का वाटर प्रूफिंग उपचार प्रदान करना एवं लगाना, जिसमें प्रथम, तृतीय एवं पंचम परत में क्रमशः 1.45, 1.20 एवं 1.70 किग्रा/वर्ग मीटर की दर से गर्म बिटुमिन लगाया जाए; द्वितीय एवं चतुर्थ परत में टाइप-2 ग्रेड-1 रूफिंग फेल्ट तथा अंतिम छठी परत में 6 मिमी आकार या मटर आकार की बजरी 6 घन डेसीमीटर/वर्ग मीटर की दर से बिछाई जाए, जिसमें सतह की तैयारी शामिल है (ग्रेडिंग को छोड़कर)। | SQM. | 931 | | |
| 11. | 22.12 | छत एवं/या दीवार पर 0.24 लीटर/वर्ग मीटर की दर से बिटुमिनस प्राइमर प्रदान करना एवं लगाना। | SQM. | 931 | | |
| 12. | 22.25 | क्रिस्टलाइन मोर्टार को 4.5:1 (4.5 भाग मोर्टार : 1 भाग पानी) के अनुपात में मिलाकर RCC संरचनाओं जैसे बेसमेंट, जलटैंक, ब्रिज डेक आदि में दरारों, जॉइंट्स, टाई-रॉड होल्स तथा हनीकॉम्ब सतह के उपचार हेतु लागू करना, जिससे जलरोधकता सुनिश्चितहो। यह EN 1504-3 मानक के अनुरूप होना चाहिए (कम्प्रेसिव स्ट्रेंथ R4 >45 MPa, बांड स्ट्रेंथ R3 >1.5 MPa)। कार्य अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार पूर्ण किया जाएगा तथा 10 वर्ष की लीकेज गारंटी होगी। | | | | |
| | 22.25.1 | दरारों एवं दोषपूर्ण जॉइंट्स की मरम्मत हेतु 25x25 मिमी U-आकार की ग्रूव बनाकर, 0.05 किग्रा/मीटर की दर से क्रिस्टलाइन स्लरी प्राइमर लगाना तथा 1.50 किग्रा/मीटर की दर से मोर्टार भरना, तत्पश्चात दो को टस्लरी लगाना। | MTR. | 40.07 | | |
| 13. | 26.35 | निर्माता द्वारा अनुशंसित अनुपात में स्वीकृत ग्राउट को उपयुक्त गन/पंप द्वारा दरारों /हनीकॉम्ब क्षेत्रों में इंजेक्ट करना, क्योरिंग के बाद निप्पल काटना आदि, अभियंता प्रभारी के निर्देशानुसार। | | | | |
| | 26.35.3 | स्वीकृत ब्रांड का एपॉक्सी इंजेक्शन ग्राउट (कंक्रीट/RCC कार्य हेतु)। | KG. | 50 | | |
| 14. | 12.21 | सीमेंट कंक्रीट 1:2:4 से 75x75 मिमी गोला बनाना, जिसमें 1:3 सीमेंट मोर्टार से फिनिशिंग शामिल है। | | | | |
| | 12.21.1 | 75x75 मिमी गहरे चेज में। | MTR. | 100 | | |
| 15 | 12.22 | 45x45 सेमी आकार का खुर्रा बनाना, जिसकी औसत न्यूनतम मोटाई 5 सेमीहो, सीमेंट कंक्रीट 1:2:4 (1 भाग सीमेंट : 2 भाग | EACH | 16 | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मोटा बालू : 4 भाग 20 मिमी नाम मात्र आकार का ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट) से, 1 मीटर x 1 मीटर x 400 माइक्रोन P.V.C. शीटपर, 12 मिमी मोटाई के सीमेंट प्लास्टर 1:3 (1 भाग सीमेंट : 3 भाग मोटा बालू) से फिनिशिंग सहित तथा एक परत शुद्ध सीमेंट की, किनारों को गोलाई देकर एवं आउटलेट का निर्माण एवं समापन सहित, पूर्ण। | | | | |
| 16. | 12.41 | दीवार की सतह पर IS:13592 टाइप-A के अनुरूप अनप्लास्टिसाइज़्ड रिगिड PVC रेन वाटर पाइप प्रदान करना एवं फिक्स करना, जिसमें IS:5383 के अनुरूप सीलरिंग के साथ जोड़ (जॉइन्टिंग) करना तथा तापीय विस्तार (थर्मल एक्सपेंशन) के लिए 10 मिमी का गैप छोड़ना शामिल है।<br>(i) सिंगल सॉकेटेड पाइप। | | | | |
| | 12.41.2 | 110 मिमी व्यास | MTR. | 100 | | |
| 17 | 12.42 | दीवार की सतह पर IS:13592 टाइप-A के अनुरूप अनप्लास्टिसाइज़्ड PVC मोल्डेड फिटिंग्स/एसेसरीज़ प्रदान करना एवं फिक्स करना, जो अनप्लास्टिसाइज़्ड रिगिड PVC रेनवाटर पाइप हेतु हों, जिसमें IS:5382 के अनुरूप सीलरिंग के साथ जॉइन्टिंग करना तथा तापीय विस्तार (थर्मल एक्सपेंशन) के लिए 10 मिमी का गैप छोड़ना शामिल है। | | | | |
| | 12.42.1.2 | 110 मिमी व्यास | EACH | 16 | | |
| | 12.42.3.2 | सिंगल टीविद डोर – 110 × 110 × 110 मिमी | EACH | 16 | | |
| | 12.42.5.2 | बेंड 87.5° – 110 मिमी | EACH | 16 | | |
| | 12.42.6.2 | शू (साधारण) – 110 मिमी | EACH | 16 | | |
| 18. | 12.43 | अनुमोदित डिज़ाइन के अनुसार अनप्लास्टिसाइज़्ड PVC पाइप क्लिप्स को अनप्लास्टिसाइज़्ड PVC रेनवाटर पाइप पर 50×50×50 मिमी हार्डवुड प्लग के माध्यम से, आवश्यक लंबाई के एम.एस. स्क्रू द्वारा फिक्स करना, जिसमें ईंट कार्य की कटाई, सीमेंट मोर्टार 1:4 (1 सीमेंट : 4 मोटाबालू) में फिक्सिंग तथा दीवार की मरम्मत आदि पूर्ण कार्य शामिल है। | | | | |
| | 12.43.2 | 110 मिमी | EACH | 16 | | |
| | | **दो हॉस्टलों के लिए कुल योग** | | | | |

**राशि शब्दों में : ............................................................................................................**

**• बोली दाता द्वारा उद्धृत / निर्धारित सभी दरें GST सहित होंगी।कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।**

**• मात्रा वास्तविक स्थल परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित हो सकती है, अतः ये अस्थायी (प्रोविजनल) हैं तथा भुगतान एजेंसी को स्थल पर निष्पादित वास्तविक कार्य की माप के अनुसार किया जाएगा।**

## घोषणा

1. हमने निविदा दस्तावेज का सावधानी पूर्वक परीक्षण किया है तथा उसमें उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तों के अनुरूप उपर्युक्त कार्य हेतु अपनी सेवाएँ प्रदान करने का प्रस्ताव करते हैं।

2. हम यह घोषणा करते हैं कि हमने निविदा दस्तावेज में उल्लिखित प्रत्येक नियम एवं शर्त तथा कार्य के दायरे का सावधानी पूर्वक अध्ययन किया है तथा स्थल का भौतिक/स्थलीय निरीक्षण कर उसे भली-भांति समझ लिया है। हम इसे बिना किसी शर्त या विचलन के स्वीकार करते हैं।

3. हम सहमत हैं कि हमारी बोली, बोली खोले जाने की तिथि से 180 दिनों की अवधि तक वैध रहेगी तथा इस अवधि के दौरान यह हमारे लिए बाध्यकारी होगी और इस अवधि की समाप्ति से पूर्व किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है।

4. हम यह समझते हैं कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है और हमें कार्य आवंटित किया जाता है, तो हम इसे स्वीकार करेंगे तथा निविदा दस्तावेज की सभी/किसी भी शर्तों का पालन करने के लिए सहमत होंगे।

5. हम अपनी अपरिवर्तनीय सहमति प्रदान करते हैं कि अनुबंध अवधि के दौरान यदि निविदा दस्तावेज / अनुबंध अपूर्ण छोड़ा जाता है या किसी भी प्रकार से अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होता है, तो परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा की जब्ती स्वीकार होगी।

6. जब तक औपचारिक अनुबंध निष्पादित नहीं हो जाता, तब तक निविदा दस्तावेज अथवा अनुबंध, हमारे लिखित स्वीकृति के साथ या बिना, दोनों पक्षों पर बाध्यकारी प्रभाव रखेगा।

7. हम यह सहमति देते हैं कि निविदा समिति अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा हमें/हम सभी को प्रत्येक प्रकार से स्वीकार्य होगा।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**बोली दाता के हस्ताक्षर......................**

**नाम, पता, फोन नंबर एवं मुहर**

.............................................
.............................................
.............................................
.............................................